# DAV PUBLIC SCHOOL POKHARIPUT BHUBANESWAR
# (SAMPLE PAPER)
# HALF EARLY EXAMINATION 2022-23
# CLASS: VII
# SUB: HIGHER HINDI

**Time Allowed: 3 Hours** **Maximum Marks : 80+4**

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्न पत्र में पाँच खंड हैं- क,ख,ग,घ,ड़।
- खंड 'ड़' में अच्छा पाठक बोनस योजना पर आधारित प्रश्न दिए गए हैं ।
- इस प्रश्न पत्र में 17 प्रश्न हैं ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने से पहले, क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

**खंड 'क'**

1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-(1X5=5)

शरीर को स्वस्थ या निरोग रखने में व्यायाम का कितना महत्त्व है, इस पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। आज की भाग-दौड़ से भरी जिंदगी ने मनुष्य को इतना व्यस्त कर दिया है कि वह यह भी भूल गया है कि इस सारी भाग-दौड़ का वह तभी तक हिस्सेदार है जब तक कि उसका शरीर भी स्वस्थ है। जो व्यक्ति अपने शरीर की उपेक्षा करता है वह अपने लिए रोग, बुढ़ापे तथा मृत्यु का दरवाजा खोलता है। वैसे तो अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित भोजन, स्वच्छ जल तथा शुद्ध वायु संयम तथा नियमित जीवन सभी कुछ आवश्यक है किंतु इन सबमें व्यायाम करने वाले व्यक्ति में कुछ ऐसी अद्भुत शक्ति आ जाती है कि अपने सारे शरीर पर उसका अधिकार हो जाता है।

क. प्रश्न. व्यायाम का क्या महत्त्व है?

ख. प्रश्न. आज व्यक्ति क्या भूल गया है?

ग. प्रश्न. शरीर की उपेक्षा करने वाला व्यक्ति क्या नुकसान करता है ?

घ. प्रश्न. अच्छे स्वास्थ्य के लिए क्या-क्या आवश्यक हैं?

ङ. इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

2.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।(1X5=5)

स्वतंत्र भारत का सम्पूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के कंधे पर है। कारण आज जो विद्यार्थी हैं, वे ही कल के भारत के नागरिक होंगे। भारत की उन्नति एवं उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है। अतएव विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, अपने धर्म, अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए जिससे उनके जीवन से राष्ट्र को कुछ शक्ति प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते, वे राष्ट्र और समाज के लिए बोझ बन जाते हैं।

ऊपर लिखे हुए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) किसी देश की उन्नति और उत्थान किन पर निर्भर करता है तथा क्यों?
(ख) राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने हेतु विद्यार्थियों का क्या कर्तव्य है?
(ग) किस प्रकार के विद्यार्थी राष्ट्र एवं समाज के लिए बोझ बन जाते हैं?
(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ङ)'प्रत्येक' का संधि विच्छेद कीजिए -

**खंड 'ख'**

3. (क) निम्नलिखित दिए शब्द का संधि कीजिए । (1)
गण +ईश

(ख) निम्नलिखित दिए शब्द का संधि -विच्छेद कीजिए । (1)
विद्यालय

4 (क) निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह कर ससाम का नाम लिखिए । (2)
यथाशक्ति

(ख) सही अनुस्वार या अनुनासिक चिह्न लगाकर लिखिए । (1)
पतग

(ग)निम्नलिखित शब्द का वचन बदलकर लिखिए । (1)
कहानी

(घ)निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द लिखिए (1)
उत्कर्ष

(ङ)निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए । (2)
(i) मुँह की खाना
(ii) नाक में दम करना

5 क निम्नलिखित शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए । (1)

अच्छा

(ख) निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (2)

कपड़ा

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । (2)

(i) जो कम खाता हो

(ii) भय न हो

(घ) निम्नलिखित शब्द में से उपसर्ग/प्रत्यय और मूलशब्द अलग करके लिखिए । (1)

खिलौना

6 (क) दिए गए वाक्य में सर्वनाम शब्द को पहचानकर उसका भेद लिखिए (1)

मेरा गला सूख गया ।

(ख) दिए गए वाक्य में विशेषण और विशेष्य को पहचानकर लिखिए। (1)

मीरा के पास सुंदर कपड़े हैं ।

(ग) कोष्ठक में दी गई क्रिया के को पहचानकर उसका भेद लिखिए । (1)

पक्षी उड़ रहे थे ।

7(क) नीचे दिए गए शब्द का शुद्ध रूप लिखिए । (1)

मृदग

(ख) दिए गए वाक्य में सही विराम चिह्न लगाइए । (1)

छि कितना गंदा है

**खंड - 'ग'**

8.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए । (2X3=6)

क. कविता में मनुष्यों को समय के साथ चलने के लिए क्यों कहा गया है? कविता के कवि के नाम लिखिए ?

ख. 'समय कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है??

ग. हिंदी महीनों के नामों को क्रम से लिखिए |

9.क. प्रकृति समय के अनुसार चलती है, स्पष्ट कीजिए।? (4X1=4)

अथवा

ख. क्या पूरा ब्रह्मांड समय के अनुसार चल रहा है? कैसे?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 में लिखिए । (2X3=6)

क. साँप द्वारा पकड़े जाने पर निर्मला को क्या लगा?

ख. लेखक ने घर से बाहर जाने का कौन सा रास्ता लेने का फ़ैसला किया और क्यों?

ग. राकेश ने प्रदर्शन के दिन सभी को खास-खास हिदायतें फिर से क्यों दीं?

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए । (3X3=9)

क. बच्चे बाज़ार में किस दुकान पर खड़े होकर क्या देख रहे थे और क्यों?

ख. 'हिलेरी की चिमनी' लेखक के लिए चिंता का विषय क्यों थी?

ग. ज़रूरत से ज्यादा बोलने के क्या परिणाम हो सकते हैं? बताइए।

12. क. एवरेस्ट पर चढ़ाई करना बहुत मुश्किल है। आपको कौन-कौन से काम मुश्किल लगते हैं और क्यों? (5)

**अथवा**

ख. मान लीजिए कि स्वामीनाथन की जगह पर आप होते तो परीक्षाएँ समाप्त होने की खुशी में क्या करते?

**खंड - 'घ'**

13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

दोस्ती का महत्व ,**प्रिय ऋतु**

14. कहानी की पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**


प्रधानाचार्य को छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

15.अपनी पसंद का खिलौना लेते हुए राजू तथा दुकानदार की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (5)

अथवा

विशाल तथा रोहित दो मित्र हैं जो ऑनलाइन विद्यालय खुलने के विषय में फोन पर बातचीत कर रहे हैं ।विशाल तथा रोहित की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

16. निम्नलिखित दिए गए चित्र को देखकर 40 से 50 शब्दों में वर्णन लिखिए । (5)



## खंड -ड़

17 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

क. बैलों का मालिक कौन था?

ख. हीरा और मोती अपना प्रेम एक दूसरे से कैसे प्रकट करते थे ?

ग. काबुलीवाला का असली नाम क्या था?

घ. मिनी कौन थी काबुलीवाला की मित्र कैसे बनी ?

************************